OneVaahan ऐप — कैसे चलाएँ

गाँव से शहर तक गाड़ी बुक करें · राइडर और ड्राइवर दोनों के लिए

ऐप वर्ज़न 1.8 · नवंबर 2026

सबसे पहले ऐप डाउनलोड करें

अपने Android फ़ोन में यह लिंक खोलिए, या कैमरे से यह कोड स्कैन कर लीजिए:

https://onevaahan.duckdns.org/download


1. OneVaahan ऐप डाउनलोड करें।
2. डाउनलोड पूरा होने पर फ़ाइल खोलिए। फ़ोन पूछे तो "Allow from this source" चालू कर दीजिए।
3. Install दबाइए, फिर Open।

2019 के बाद का लगभग हर Android फ़ोन चलेगा। ऐप खुलने पर नोटिफ़िकेशन की इजाज़त ज़रूर दें, नहीं तो राइड की ख़बर नहीं मिलेगी। ऐप में बटन अंग्रेज़ी में हैं — नीचे हमने वही नाम लिखे हैं।

सवारी (राइडर) के लिए

1. अपना अकाउंट बनाइए

1. ऐप खोलते ही अकाउंट बनाने वाला पेज आता है। अपना 10 अंक का मोबाइल नंबर, एक पासवर्ड (कोई भी 4 से 30 अक्षर — जो आपको याद रहे) और अपना नाम डालिए।
2. "Create account" दबाइए। बस, अकाउंट बन गया।
3. अगले पेज पर जन्म तारीख़, गाँव और शहर पूछे जाएँगे — ये ज़रूरी नहीं हैं। भरना है तो "Save and continue", नहीं तो "Skip — fill in later" दबाइए। बाद में "Profile" में कभी भी भर सकते हैं।
4. 24 घंटे के अंदर हमारी टीम आपके इसी नंबर पर फ़ोन करके अकाउंट चालू कर देगी। तब तक फ़ोन चालू रखिए।




2. लॉग इन कैसे करें


1. पहले से अकाउंट है तो नीचे "Log in here" दबाइए, नंबर और पासवर्ड डालिए और "Log in" दबाइए।
2. पासवर्ड भूल गए? कोई बात नहीं। "Forgot password?" दबाइए, नंबर डालिए और "Request password reset" दबाइए। हमारी टीम आपको फ़ोन करके एक टेम्परेरी पासवर्ड बता देगी। उससे लॉग इन करके "Profile" → "Change password" में अपना नया पासवर्ड रख लीजिए।

3. गाड़ी बुक कीजिए

1. "Ride" वाले पेज पर "Where to?" दबाइए।
2. कहाँ से (From) और कहाँ तक (To) — गाँव, शहर, अस्पताल, स्टेशन या चौक का नाम लिखिए और लिस्ट में से चुन लीजिए। लिस्ट सारे ज़िलों ("All districts") में ढूँढती है। ड्राइवर को घर ढूँढने में आसानी हो, इसके लिए "Add directions for the driver" में लिख सकते हैं, जैसे "सरकारी स्कूल के पीछे वाला घर"।
3. जाकर वापस भी आना है तो "Round trip" चुनिए — ड्राइवर वहीं रुकेगा और आपको वापस लाएगा। गाड़ी कितनी देर चाहिए: 8, 12 या 16 घंटे। सिर्फ़ छोड़ना हो तो "One way" चुनिए।
4. दिन और समय चुनिए। आज से अगले 3 दिन तक की बुकिंग हो सकती है, पर कम से कम 2 घंटे पहले करनी होगी।
5. ख़ुद जा रहे हैं तो "Me" चुनिए। माँ-बाबूजी या किसी और के लिए बुक कर रहे हैं तो "Someone else" चुनकर उनका नंबर डाल दीजिए — ड्राइवर सीधे उन्हें फ़ोन करेगा।
6. आख़िर में "See fare" दबाइए।




4. गाड़ी चुनिए और अपना किराया तय कीजिए



1. 4 सीट वाली या 7 सीट वाली गाड़ी चुनिए। किराया सामने दिख जाएगा। "Round trip" में यह भी दिखेगा कि कितने किलोमीटर शामिल हैं।
2. चाहें तो अपनी तरफ़ से किराया कम-ज़्यादा कर सकते हैं (ऐप जितनी छूट दिखाए, उतने में)। बहुत कम रखेंगे तो ड्राइवर मिलने में मुश्किल होगी।
3. नीचे वाला बटन ("Request ride for ₹..." या "Request hire for ₹...") दबा दीजिए। आस-पास के ड्राइवरों के पास हाँ करने के लिए 1 घंटा होता है। तब तक ऐप बंद करके अपना काम कीजिए — ख़बर आ जाएगी।

5. ड्राइवर ने हाँ कर दी, अब क्या?



1. नोटिफ़िकेशन आएगा। ऐप में ड्राइवर का नाम, गाड़ी, गाड़ी का नंबर और आपका 4 अंक का "Ride start code" दिखेगा।
2. "Chat with driver" से मैसेज, फ़ोटो या अपनी लोकेशन भेज सकते हैं। ऊपर फ़ोन वाले निशान से सीधे कॉल भी कर सकते हैं।
3. ध्यान रखिए: शुरू करने का कोड तभी बताइए जब गाड़ी में बैठ जाएँ। आख़िर में ऐप एक और कोड ("Ride closing code") देगा — वह तभी बताइए जब सही जगह पहुँच जाएँ (Round trip में: वापस घर पहुँचकर)।
4. ऐप जितना पैसा दिखाए, उतना नकद ड्राइवर को दीजिए। "Round trip" में तय किलोमीटर से ज़्यादा चले तो थोड़ा ज़्यादा लगेगा। फिर ड्राइवर को स्टार देकर बताइए कि सफ़र कैसा रहा।

6. बुकिंग कैंसिल करनी हो तो


1. ड्राइवर के हाँ करने से पहले — "Cancel request" दबाइए। कोई पैसा नहीं लगेगा।
2. ड्राइवर के हाँ करने के बाद — "Cancel ride" दबा सकते हैं, पर अगली राइड में ₹100 जुड़ जाएँगे, क्योंकि ड्राइवर का समय ख़राब होता है।
3. किसी ड्राइवर ने हाँ नहीं की? "Try again" दबाइए — थोड़ा किराया बढ़ाकर या दूसरा समय चुनकर।

ड्राइवर भाइयों के लिए

1. ड्राइवर अकाउंट बनाइए

1. "OneVaahan Driver" ऐप खोलिए। मोबाइल नंबर, पासवर्ड (कोई भी 4 से 30 अक्षर) और नाम डालकर "Create account" दबाइए। जन्म तारीख़, गाँव और शहर बाद में भी भर सकते हैं ("Skip — fill in later")।
2. आगे से "Log in here" दबाकर अपने नंबर और पासवर्ड से लॉग इन कीजिए। पासवर्ड भूलें तो राइडर ऐप वाला तरीक़ा ही है।

2. अपनी पूरी जानकारी भरिए



1. गाड़ी: 4 सीट या 7 सीट, कौन-सी गाड़ी है, रंग और नंबर प्लेट।
2. कागज़ात ("Upload documents"): आपकी फ़ोटो, आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, RC और बीमा। फ़ोन से साफ़ फ़ोटो खींचकर या PDF डाल सकते हैं (हर एक 5 MB तक)।
3. "Service area": आप कहाँ से गाड़ी चलाते हैं और सवारी लेने कितनी दूर तक जा सकते हैं।
4. "Set availability": किन दिनों में और कितने बजे से कितने बजे तक आप गाड़ी चला सकते हैं।
5. हमारी टीम 1–2 दिन में कागज़ात जाँच लेती है। कुछ कमी हुई तो ऐप में वजह लिखी आएगी — उसे ठीक करके "I have fixed it — send again" दबा दीजिए।

3. सवारी कैसे मिलेगी

1. नई सवारी आते ही स्क्रीन पर नीचे एक कार्ड खुलेगा — कहाँ से कहाँ, कब, कैसी यात्रा और कितना किराया। पूरी बात देखनी हो तो "Details" दबाइए। सवारी लेनी है तो "Accept", नहीं लेनी तो "Reject" या ×।
2. होम पेज पर "Ride requests" खोलकर भी सारी सवारियाँ देख सकते हैं। जो ड्राइवर पहले हाँ करता है, सवारी उसी की होती है — इसलिए जल्दी देखिए।
3. ली हुई सवारी "My rides" में मिलेगी, सवारी के नाम और फ़ोन नंबर के साथ। वहीं से कॉल कीजिए, "Chat with rider" से मैसेज भेजिए और "Directions to pickup" से Google Maps खोलिए।

4. सवारी शुरू और ख़त्म कैसे करें

1. सवारी के गाड़ी में बैठने के बाद उससे 4 अंक का कोड पूछिए। मीटर (स्पीडोमीटर) की रीडिंग लिखिए, उसकी फ़ोटो खींचिए और "Start ride" दबाइए।
2. Round trip वाली सवारी में: वहाँ पहुँचकर "Reached destination" दबाइए, सवारी का इंतज़ार कीजिए, फिर लौटते समय "Start return journey"।
3. पहुँचने पर सवारी से दूसरा कोड पूछिए, आख़िरी रीडिंग और फ़ोटो डालिए और "Close ride" दबाइए।
4. ऐप जितना पैसा दिखाए, उतना नकद लीजिए और सवारी को स्टार दीजिए।

5. सवारी नहीं आ रही? यह देखिए

1. होम पेज पर लाल रंग में लिखा होगा कि क्या कमी है — गाड़ी, कागज़ात, सर्विस एरिया, आज का समय या मंज़ूरी। साथ में उसे ठीक करने का बटन भी होगा।
2. नोटिफ़िकेशन चालू रखिए, और फ़ोन को ऐप बंद करने से रोकिए: फ़ोन की Settings → Apps → OneVaahan Driver → Battery में "Unrestricted" चुनिए। फ़ोन में Auto-start हो तो उसे भी चालू कर दीजिए।

सबके काम की बातें

ये भी जान लीजिए

1. "Notifications" (राइडर ऐप में): आपकी हर बुकिंग की ख़बर यहीं मिलती है।
2. "Profile" में: अपनी जानकारी भरिए या बदलिए (जो नहीं भरी, वहाँ "Not added yet — tap to add" दिखेगा), "Change password", स्क्रीन हल्की या गहरी (डार्क) कीजिए, और हमें "Feedback" भेजिए।
3. किसी भी पेज पर ऊपर बाईं ओर के तीर (←) से पीछे जा सकते हैं।
4. ऐप में "New version available" आए तो "Update" दबाइए और डाउनलोड हुई फ़ाइल इंस्टॉल कर लीजिए। आपका अकाउंट और राइड सब वैसे ही रहेंगे।
5. कभी-कभी टीम की तरफ़ से कोई ऑफ़र या ज़रूरी ख़बर एक छोटे कार्ड में आएगी — पढ़कर × से बंद कर दीजिए।
6. पूरी स्क्रीन पर "Something went wrong" दिखे तो घबराइए नहीं — सेवा थोड़ी देर के लिए रुकी है। कुछ देर बाद "Try again" दबाइए।

लोग अक्सर पूछते हैं

ऐप के पैसे लगते हैं?
नहीं, ऐप बिल्कुल मुफ़्त है। सिर्फ़ सवारी का किराया लगता है, जो सफ़र के बाद ड्राइवर को नकद देना होता है।

अकाउंट बनाया, पर बुकिंग क्यों नहीं हो रही?
नया अकाउंट 24 घंटे के अंदर चालू होता है। हमारी टीम आपके नंबर पर फ़ोन करेगी, बस फ़ोन चालू रखिए।

पासवर्ड कैसा होना चाहिए?
कोई भी 4 से 30 अक्षर या अंक, जो आपको याद रहे। बस किसी और को मत बताइए।

जन्म तारीख़ और गाँव डालना ज़रूरी है?
नहीं। अकाउंट के लिए सिर्फ़ नंबर, पासवर्ड और नाम चाहिए। बाक़ी बाद में "Profile" में भर सकते हैं।

माँ-बाबूजी या किसी रिश्तेदार के लिए बुक कर सकते हैं?
हाँ। बुकिंग में "Someone else" चुनकर उनका नंबर डाल दीजिए। ड्राइवर सीधे उन्हें फ़ोन करेगा।

कितना पहले बुक करना पड़ता है?
कम से कम 2 घंटे पहले। आज से लेकर अगले 3 दिन तक की बुकिंग हो सकती है।

कोई ड्राइवर नहीं मिला तो?
आपको ख़बर आ जाएगी। "Try again" दबाइए — थोड़ा किराया बढ़ाने या समय बदलने से जल्दी मिलता है।

मेरा नंबर कौन-कौन देख सकता है?
सिर्फ़ वही ड्राइवर जिसने आपकी सवारी ली है (और ड्राइवर का नंबर सिर्फ़ उसकी सवारी)। किसी और को नहीं दिखता।

चैट के मैसेज और फ़ोटो कहीं रहते हैं?
नहीं। सफ़र ख़त्म होते ही सारे मैसेज, फ़ोटो और लोकेशन मिट जाते हैं।

पासवर्ड भूल गए, अब?
लॉग इन पेज पर "Forgot password?" दबाइए। टीम आपके नंबर पर फ़ोन करके टेम्परेरी पासवर्ड बता देगी।

मोबाइल नंबर बदल सकते हैं?
नहीं, आपका नंबर ही आपका लॉग इन है। नया नंबर लिया है तो उससे नया अकाउंट बना लीजिए।

ड्राइवर: मंज़ूरी में कितने दिन लगते हैं?
सारे कागज़ात डालने के बाद आमतौर पर 1–2 दिन।

ड्राइवर: मंज़ूरी मिल गई, फिर भी सवारी नहीं आ रही।
होम पेज पर लाल रंग वाली बात देखिए। "Set availability" में आज का समय चालू कीजिए, नोटिफ़िकेशन चालू रखिए और Battery में "Unrestricted" कर दीजिए।

ड्राइवर: कोड ग़लत डाल दिया।
पाँच बार ग़लत कोड डालने पर सवारी लॉक हो जाती है। तब "Profile" → "Feedback" में हमें लिखिए।

ऐप में "No internet connection" आ रहा है।
मोबाइल डेटा या Wi-Fi चालू है कि नहीं, देख लीजिए। कोई और संदेश आए (जैसे "The server is taking too long") तो थोड़ी देर बाद फिर कोशिश कीजिए।

OneVaahan से बात कैसे करें?
ऐप में "Profile" → "Feedback" खोलिए। समस्या हो, सुझाव हो या तारीफ़ — जो भी हो, लिख दीजिए।

कोई दिक्कत? ऐप खोलिए → "Profile" → "Feedback" में लिख दीजिए। हम हर मैसेज पढ़ते हैं।
OneVaahan टीम